# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान

आन्तरिक  गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Internal Quality Assurance Cell, IQAC

**सत्र 2024–25**

आज दिनांक 29.06.2024 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्रीमती पूजा शर्मा | |

बैठक में सर्व सम्मति से निम्न कार्यो से सम्बन्धित निर्णय लिए गए –

1. एम.एड., बी.एड.,.बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड. तथा डी.एल.एड. कोर्स में प्रवेश लेने वाले नये छात्र–छात्राओं के लिए ओरियन्टेशन  कार्यक्रम आयोजित किया जावें।
2. सभी छात्र छात्राओं के लिए ICT की कार्यशाला का आयोजन किया जावें।
3. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए मेन्टरिंग व्यवस्था की जावें।
4. विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने तथा विद्यार्थियों की रूचि व अन्तर्निहित क्षमताओं के विकास के लिए महाविद्यालय में स्थापित सदन व्यवस्था को बरकरार रखा जाये।

5. शिक्षकों की व्यवसायिक अभिक्षमता में अभिवृद्वि हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जाये।
6. महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी, वेबीनार, अतिथि व्याख्यान एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जावें।
7. शिकायत निवारण प्रकोष्ठ द्वारा 7 कार्य दिवसों के अन्दर शिकायत–निवारण की व्यवस्था की जावें।
8. महाविद्यालय में ऑपन एयर सेशन, हाउस टूर्नामेन्ट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
9. प्रशिक्षणार्थियों में चारित्रिक एवं मानवीय गुणों के विकास हेतु महापुरूषों की जयन्तियां मनायी जाये।
10. विद्यार्थियों को हमारी भारतीय संस्कृति से परिचित कराने एवं विभिन्न महान व्यक्तियों की उपलब्धियों का ज्ञान कराने के लिए महाविद्यालय में उत्सव एवं दिवस मनाये जावे।
11. सामाजिक कार्यक्रम यथा वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा जागरूकता, मतदाता जागरूकता, स्वच्छ भारत, पर्यावरण उन्नयन, साक्षरता से सम्बन्धित रैली, कैम्प तथा नुक्कड नाटक का आयोजन किया जावें।
12. छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में सम्प्रेषण कौशल, नेतृत्व क्षमता, मंच संचालन की योग्यता (एन्करिंग) विकसित करने के अवसर प्रशिक्षणार्थियो को उपलब्ध कराये जावे।
13. मेडिटेशन, उपभोक्ता जागरूकता, मानवाधिकारों की रक्षा की भावना, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति जैसे सामाजिक व नागरिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
14. पूर्व वर्ष की भांति महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के द्वारा चिन्हित स्लो लर्नर के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जावें।
15. राज्य सरकार के द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय में प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये जिससे छात्र–छात्राएं अधिकाधिक लाभान्वित हो जावें।
16. महाविद्यालय में कार्यरत विभिन्न समितियां पूर्ण परिदर्शिता से अपने कार्य सुनिश्चित करे ताकि महाविद्यालय में शिक्षण–अधिगम वातावरण प्रभावी बन सके।
17. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का वातावरण प्रभावी बना रहे इस हेतु सभी समितियां एवं परिषद् निरन्तर प्रयासरत रहे।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

Smita